भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 अप्रैल 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के उलुबेरिया (हावड़ा), कृष्णानगर (नदिया), रामपुरहाट (बीरभूम) और बर्धमान में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल को कंगाल करने वाली ममता बनर्जी की सरकार को हटा कर 'सोनार बांग्ला' की रचना करने के लिए कटिबद्ध है। देश की जनता ने भी श्री नरेन्द्र मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने का ठान लिया है

****

टीएमसी (TMC) का मतलब है - 'T' से तुष्टीकरण की राजनीति, 'M' से माफिया-राज और 'C' से चिटफंड घोटाले। यही तृणमूल की पहचान है। पहले पश्चिम बंगाल देश का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व करता था लेकिन तृणमूल की ममता बनर्जी सरकार ने राज्य की महान संस्कृति को तार-तार कर पश्चिम बंगाल में माफिया राज स्थापित करने का पाप किया है

****

पहले सारदा चिटफंड घोटाला, फिर नारदा घोटाला, फिर रोजवैली चिटफंड घोटाला और अब भतीजा चिटफंड घोटाला - ये बुआ-भतीजा पश्चिम बंगाल को अपनी जागीर समझते हैं। पश्चिम बंगाल लोकतंत्र में जीना चाहता है, मोदी जी की विकास यात्रा में शरीक होना चाहता है, यह तृणमूल की जागीर नहीं बन सकता

****

सीपीएम और कांग्रेस पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का सामना नहीं कर सकती। इन दोनों पार्टियों को वोट देने का मतलब है ममता बनर्जी को ही वोट देना। यदि पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के अराजक शासन को हटाना है तो भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाना होगा

****

मैं देश की जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूँ कि मोदी सरकार सबसे पहले सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल लेकर आयेगी जिसके तहत सभी हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता दी जायेगी, इसके बाद घुसपैठियों को निकाल बाहर करना शुरू किया जाएगा

****

एक भी शरणार्थी को डरने की जरूरत नहीं है, जब तक भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं, तब तक एक भी शरणार्थी का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। केंद्र में मोदी सरकार पुनः बनने पर हम जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा कर रहेंगे। जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा

****

पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार इमामों और मोअज्जिनों को मासिक भत्ता दे रही है, भत्ते बढ़ा रही है, हमें इससे कोई परेशानी नहीं है लेकिन पुजारियों को भी भत्ता मिलनी चाहिए। यदि इमामों को भत्ता मिल रहा है तो पुजारियों को तनख्वाह क्यों नहीं?

****

एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुर्गा पूजा को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में डालने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी दुर्गा पूजा पर ही प्रतिबंध लगा रही हैं। जब तक पश्चिम बंगाल में टीएमसी की तुष्टिकरण और घुसपैठियों को खुश करने की राजनीति है, तब तक हमारे त्यौहारों पर प्रतिबंध लगते रहेंगे

****

उलुबेरिया की टीएमसी सांसद कहती हैं कि 'जय श्री राम' के नारे नहीं लगेंगे। मैं टीएमसी को कहना चाहता हूँ कि हमें हमारी संस्कृति के आधार पर जीवन व्यतीत करने से कोई नहीं रोक सकता। भगवान् श्री राम हमारी आस्था के केंद्र बिंदु हैं, हमें हिंदुस्तान में 'जय श्री राम' कहने से कोई नहीं रोक सकता

****

ममता बनर्जी, आप पश्चिम बंगाल की जनता को हिसाब दीजिये कि आपने अपने शासनकाल में राज्य की समृद्धि के लिए क्या किया? आपके भतीजे, मंत्रियों एवं सांसदों की संपत्तियां तो आपके शासन में खूब बढ़ी लेकिन राज्य के आम नागरिक और गरीब हो गए, कौन जिम्मेवार है इसका?

****

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने सिंडिकेट उद्योग चलाया है जो राज्य की गरीब जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खा गए हैं। एक बार पश्चिम बंगाल की जनता भारतीय जनता पार्टी को लोक सभा चुनाव में प्रदेश से 23 से अधिक सीटें भाजपा की झोली में डाल दें, 90 दिनों में पश्चिम बंगाल से सिंडिकेट राज का खात्मा हो जाएगा

****

जनजागृति की ताकत असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी को कुचलने के लिए काफी है। ममता बनर्जी की अराजकता का मुकाबला करने राज्य की मातृशक्ति एक साथ मतदान करने के लिए निकलें, अपराधी दुम दबाकर भाग खड़े होंगे

****

हमारे तीन प्रत्याशियों सुकांता मजूमदार, बाबुल सुप्रियो और लॉकेट चटर्जी पर हमले हुए लेकिन ममता बनर्जी, हमारे प्रत्याशियों पर हमले होंगे और हम डर जायेंगे? हमारी जान चली जायेगी लेकिन हम पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को प्रस्थापित करके रहेंगे

****

सबसे ज्यादा गौ-तस्करी और चरस-गांजे का अवैध व्यापार भी पश्चिम बंगाल में बॉर्डर से ही होता है। गौ-तस्करी और नशे के कारोबार को बंद करना चाहिए लेकिन जब तक पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार है, प्रदेश नशे से मुक्त नहीं हो सकता

****

पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी समस्या घुसपैठ की है। यदि पश्चिम बंगाल की जनता घुसपैठ से मुक्ति चाहती है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी। अवैध घुसपैठिये तो तृणमूल के वोट बैंक हैं, ये इन्हें नहीं निकालेंगे। ये काम भी केवल और केवल भाजपा ही कर सकती है

****

इस्लामपुर में उर्दू शिक्षकों की भर्ती के विरोध में हमारे दो कार्यकर्ताओं तापस बर्मन और राजेश सरकार की पश्चिम बंगाल सरकार की पुलिस ने गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी। राज्य की जनता ममता बनर्जी को बदल दें, गोली मारने वालों को इसकी सजा भगतनी पड़ेगी, भारतीय जनता पार्टी इसकी गारंटी देती है

****

सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिये हमने आतंकियों को उसके घर में घुसकर मारा। ममता बनर्जी और राहुल गाँधी को आतंकवादियों से बातचीत करनी है तो करें, मोदी सरकार देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी, आतंकियों को उसी की भाषा में करारा जवाब दिया जाएगा

****

मोदी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल को विकास के लिए लगभग 4,24,000 करोड़ रुपये दिए लेकिन ये पैसे तृणमूल सरकार की भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गए

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के उलुबेरिया (हावड़ा), कृष्णानगर (नदिया), रामपुरहाट (बीरभूम) और बर्धमान में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और राज्य की जनता से पश्चिम बंगाल को कंगाल करने वाली ममता बनर्जी को लोकतंत्र के इस समर में भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करके केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि **देश भर में एक ही लहर है - मोदी, मोदी, मोदी और देश भर में एक ही नारा है 'फिर एक बार, मोदी सरकार'। देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने का ठान लिया है।**

श्री शाह ने कहा कि **पहले पश्चिम बंगाल देश का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व करता था लेकिन तृणमूल की ममता बनर्जी सरकार ने राज्य की महान संस्कृति को तार-तार कर पश्चिम बंगाल में माफिया राज स्थापित करने का पाप किया है।** उन्होंने राज्य की जनता से अपील करते हुए कहा कि **भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल को कंगाल करने वाली ममता बनर्जी की सरकार को हटा कर 'सोनार बांग्ला' की रचना करने के लिए कटिबद्ध है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए कई बड़े कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल को विकास के लिए लगभग 4,24,000 करोड़ रुपये दिए लेकिन ये पैसे तृणमूल सरकार की भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गए।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से 800 किमी से अधिक मार्ग बनाए गए। ग्रामीण सड़कों के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये दिए गए। मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल में रेलवे के लिए लगभग 5000 करोड़ रुपये और कोलकाता मेट्रो के लिए 12000 करोड़ रुपये दिए। सागरमाला के तहत राज्य में 41 परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हावड़ा में सोलर सिटी बनाया जा रहा है, स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और ढेर सारी अन्य योजनाओं पर भी तेज गति से काम हो रहा है। ममता बनर्जी पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि हम तो अपना हिसाब दे रहे हैं लेकिन **ममता बनर्जी, आप पश्चिम बंगाल की जनता**

को हिसाब दीजिये कि आपने अपने शासनकाल में राज्य की समृद्धि के लिए क्या किया? आपके भतीजे, मंत्रियों एवं सांसदों की संपत्तियां तो आपके शासन में खूब बढ़ी लेकिन राज्य के आम नागरिक और गरीब हो गए, कौन जिम्मेवार है इसका?

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुर्गा पूजा को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में लिस्ट करने की सिफारिश की है। **एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दुर्गा पूजा को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में डालने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी दुर्गा पूजा पर ही प्रतिबंध लगा रही हैं।** उन्होंने कहा कि **जब तक पश्चिम बंगाल में टीएमसी है, टीएमसी की तुष्टिकरण की राजनीति है, टीएमसी की घुसपैठियों को खुश करने की राजनीति है, तब तक दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा और रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में प्रतिबंध लगते रहेंगे।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हावड़ा के धुलागढ़ में 2016 में दंगे हुए थे जो टीएमसी के एमएलए ने स्वयं खड़े होकर कराये थे, ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स है। उलुबेरिया की टीएमसी सांसद कहती हैं कि 'जय श्री राम' के नारे नहीं लगेंगे। मैं टीएमसी को कहना चाहता हूँ कि हमें हमारी संस्कृति के आधार पर जीवन व्यतीत करने से कोई नहीं रोक सकता। भगवान् श्री राम हमारी आस्था के केंद्र बिंदु हैं, हमें हिंदुस्तान में 'जय श्री राम' कहने से कोई नहीं रोक सकता।**

सीपीएम और कांग्रेस पर बरसते हुए श्री शाह ने कहा कि **सीपीएम और कांग्रेस पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का सामना नहीं कर सकती। इन दोनों पार्टियों को वोट देने का मतलब है ममता बनर्जी को ही वोट देना। यदि पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के अराजक शासन को हटाना है तो भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाना होगा।**

चुनाव आयोग की सराहना करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत चुनाव में पश्चिम बंगाल में राज्य की **37%** आबादी को वोट नहीं डालने दिया गया लेकिन यह लोक सभा चुनाव है। चुनाव आयोग ने सेन्ट्रल पैरामिलिट्री फ़ोर्स की तैनाती कर पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष मतदान की व्यवस्था को सुनिश्चित किया है, इस बार राज्य के नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने से ममता बनर्जी द्वारा संरक्षित अपराधी तत्व रोक नहीं सकते। उन्होंने राज्य की मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि **जनजागृति की ताकत असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी को कुचलने के लिए काफी है। ममता बनर्जी की अराजकता का मुकाबला करने राज्य की मातृशक्ति एक साथ मतदान करने के लिए निकलें, गुंडे दुम दबाकर भाग खड़े होंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रथम दो चरणों के लोक सभा चुनाव में देश में 180 से अधिक सीटों पर मतदान हो चुका है लेकिन बूथ कैप्चरिंग की घटनाएं केवल पश्चिम बंगाल में ही हुई हैं। लेकिन अब चुनाव आयोग ने इस तरह की घटनाओं के लिए इस तरह की व्यवस्था की है कि तृणमूल बूथ कैप्चरिंग नहीं कर पा रही।** उन्होंने कहा कि **हमारे तीन प्रत्याशियों सुकांता मजूमदार, बाबुल सुप्रियो और लॉकेट चटर्जी पर हमले हुए लेकिन ममता बनर्जी, हमारे प्रत्याशियों पर हमले होंगे और हम डर जायेंगे? हमारी जान चली जायेगी लेकिन हम पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को प्रस्थापित करके रहेंगे।** हमारे एक जिलाध्यक्ष बहन फाल्गुनी पात्रा पर भी हमला हुआ लेकिन जिस बहादुरी से उन्होंने अपराधियों का सामना किया, वह सराहनीय है। मैं बहन फाल्गुनी का सार्वजनिक रूप से अभिनंदन करता हूँ और उन्हें साधुवाद देता हूँ क्योंकि आपकी हिम्मत पश्चिम बंगाल की जनता को हिम्मत देगी।

ममता सरकार पर हमला जारी रखते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था को भी बदहाल करके रख दिया है। **सबसे ज्यादा गौ-तस्करी और चरस-गांजे का अवैध व्यापार भी पश्चिम बंगाल में बॉर्डर से ही होता है। गौ-तस्करी और नशे के कारोबार को बंद करना चाहिए लेकिन जब तक पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार है, प्रदेश नशे से मुक्त नहीं हो सकता।** उन्होंने कहा कि

पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी समस्या घुसपैठ की है। यदि पश्चिम बंगाल की जनता घुसपैठ से मुक्ति चाहती है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी। अवैध घुसपैठिये तो तृणमूल के वोट बैंक हैं, ये इन्हें नहीं निकालेंगे। ये काम भी केवल और केवल भाजपा ही कर सकती है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने सिंडिकेट उद्योग चलाया है जो राज्य की गरीब जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खा गए हैं। एक बार पश्चिम बंगाल की जनता भारतीय जनता पार्टी को लोक सभा चुनाव में प्रदेश से 23 से अधिक सीटें भाजपा की झोली में डाल दें, 90 दिनों में पश्चिम बंगाल से सिंडिकेट राज का खात्मा हो जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि जब से हम अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर करने के लिए एनआरसी लेकर आये हैं, तब से यह अफवाह फैलाया जा रहा है कि शरणार्थी के रूप में रह रहे हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन - सभी को देश छोड़ कर जाना पड़ेगा। **मैं देश की जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूँ कि मोदी सरकार सबसे पहले सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल लेकर आयेगी जिसके तहत सभी हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता दी जायेगी, इसके बाद घुसपैठियों को निकाल बाहर करना शुरू किया जाएगा।** उन्होंने कहा कि **एक भी शरणार्थी को डरने की जरूरत नहीं है, जब तक भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं, तब तक एक भी शरणार्थी का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल सरकार दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा, विजयादशमी और रामनवमी जैसे आस्था के हमारे पावन पर्वों को मनाने पर भी प्रतिबंध लगा रही है। पश्चिम बंगाल की जनता एक बार भाजपा को 23 से अधिक लोक सभा सीटों पर विजयी बना दे, कोई ताकत आपको पश्चिम बंगाल में इन उत्सवों को मनाने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि **पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार इमामों और मोअज्जिनों को मासिक भत्ता दे रही है, भत्ते बढ़ा रही है, हमें इससे कोई परेशानी नहीं है लेकिन पुजारियों को भी भत्ता मिलनी चाहिए। यदि इमामों को भत्ता मिल रहा है तो पुजारियों को तनख्वाह क्यों नहीं?** उन्होंने कहा कि **इस्लामपुर में उर्दू शिक्षकों की भर्ती के विरोध में हमारे दो कार्यकर्ताओं तापस बर्मन और राजेश सरकार की पश्चिम बंगाल सरकार की पुलिस ने गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी। राज्य की जनता ममता बनर्जी को बदल दें, गोली मारने वालों को इसकी सजा भगतनी पड़ेगी, भारतीय जनता पार्टी इसकी गारंटी देती है।**

पश्चिम बंगाल में घोटालों और भ्रष्टाचार पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में पहले सारदा चिटफंड घोटाला, फिर नारदा घोटाला, फिर रोजवैली चिटफंड घोटाला और अब भतीजा चिटफंड घोटाला - ये बुआ-भतीजा पश्चिम बंगाल को अपनी जागीर समझते हैं। पश्चिम बंगाल लोकतंत्र में जीना चाहता है, मोदी जी की विकास यात्रा में शरीक होना चाहता है, यह तृणमूल की जागीर नहीं बन सकता।**

पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर भारतीय वायुसेना के एयरस्ट्राइक की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पुलवामा हमले में पश्चिम बंगाल के भी चार जांबाज सपूत शहीद हुए और जब हमने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया तो ममता दीदी गुस्से से लाल-पीली होने लगी। **एयर स्ट्राइक से देश भर में खुशियाँ मनाई जा रही थी लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा ममता बनर्जी और कांग्रेस पार्टी के ऑफिस में। ये लोग इसलिए मातम मना रहे थे क्योंकि इन्हें अपने वोटबैंक के छिटकने का डर सता रहा था।** उन्होंने कहा कि **ममता बनर्जी और राहुल गाँधी को आतंकवादियों से बातचीत करनी है तो करें, मोदी सरकार देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी, आतंकियों को उसी की भाषा में करारा जवाब दिया जाएगा।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **विपक्षी महामिलावटी गठबंधन का कहना है कि धारा 370 नहीं हटना चाहिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि केंद्र में मोदी सरकार पुनः बनने पर हम जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा कर रहेंगे। जम्मू-कश्मीर हिंदुस्तान का अभिन्न हिस्सा है। जब तक भारतीय जनता पार्टी है, तब तक हम जम्मू-कश्मीर को भारतवर्ष से कतई अलग नहीं होने देंगे।**

श्री शाह ने पश्चिम बंगाल की जनता से अपील करते हुए कहा कि **आपने लंबे समय तक कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों की सरकार को मौके दिए। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम पांच साल में ही 'सोनार बांग्ला' बनाने का काम करेंगे।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव